प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 30 अगस्त को रांची में आयोजित समारोह में भाजपा में होंगे शामिल, श्री सोरेन ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद लिया फैसला।
- धनबाद में कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी।
- देश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जन्माष्टमी, रातभर कृष्ण भक्ति में डूबे रहे लोग, राजधानी में आज कई जगहों हांडी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन।
- राज्य भर में मानसून सक्रिय, आज राज्य के पाकुड़ और साहिबगंज समेत उत्तर पूर्वी भागों में हो सकती है भारी बारिश।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन इस महीने की 30 तारीख को रांची में भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। असम के मुख्यमंत्री और झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। श्री सोरेन ने उनके साथ कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। हाल ही में चंपाई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व पर उनका अपमान करने का आरोप लगाया था।

****

इस बीच झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा है कि चंपाई सोरेन काफी अनुभवी नेता हैं और उनके भाजपा में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री सरमा ने चंपाई सोरेन के साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी भाजपा में आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अगर घुसपैठ और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर अपनी सहमति दें तो भाजपा उनका नेतृत्व स्वीकार करेगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज दुमका के जामा में मुख्यमंत्री मंईंया सम्मान योजना के तहत राशि का हस्तातंरण करेंगे। संताल परगना के गोड्डा, देवघर, दुमका जामताड़ा साहिबगंज और पाकुड़ की महिलाओं के बीच योजना राशि का हस्तातंरण किया जायेगा। अब तक इस योजना के तहत अड़तालीस लाख महिलाओं ने निबंधन करवाया है।

****

राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद में तैयारियां तेज हो गई हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने कहा है कि केन्द्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना की अनूठी विशेषताओं से रेलवे कर्मचारियों समेत अन्य केन्द्रीय कर्मचारियों को लाभ होगा।

उधर, धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने भी एकीकृत पेंशन योजना की विशेषताओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 2004 के बाद जो भी कर्मी नियुक्त हुए हैं उन्हें यूनिफाइड पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा।

****

सीबीआई की टीम ने धनबाद में कई ठिकानों पर छापेमारी की। पटना में प्रधान आयकर आयुक्त डॉ. संतोष कुमार की गिरफ्तारी के बाद यह कार्रवाई की गई है। डॉ. संतोष धनबाद क्षेत्र के भी प्रधान आयकर आयुक्त के प्रभार में हैं। उन पर आयकर से जुड़े मामलों में राहत दिलाने के नाम पर वित्तीय अनियमितता का आरोप है। इधर, धनबाद पहुंची सीबीआई की टीम ने रेडियोलॉजिस्ट कोयला ट्रांसपोर्टर प्रिंटिंग प्रेस संचालक और कोयला कारोबारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। इसके साथ ही आईटीओ टेक्निकल प्रभाकर कुमार के ठिकाने पर भी टीम ने छापेमारी की।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

देश भर में हर्षोल्लास के साथ कृष्ण जन्मरेत्सव मनाया गया। रातभर कृष्ण भक्ति में डूबे रहे लोग, राजधानी रांची में आज कई जगहों हांडी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उधर लातेहार में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरिये विश्वविद्याल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गयी। जिसमें बच्चों द्वारा मनमोहक तरीके से श्रीकृष्ण राधा की झांकी प्रस्तुत की। बाद में कान्हा को माखन मिश्री की भोग लगा कर सभी के बीच बांटा गया।

****

देवघर के उपायुक्त विशाल सागर और पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग की अध्यक्षता में देवघर सर्किट हाउस में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई गया. प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीसी विशाल सागर ने कहा कि श्रावणी मेला, 2024 में 19 अगस्त तक कुल 47 लाख से अधिक लोगों ने बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण किया गया।

****

जमशेदपुर विमान दुर्घटना के 6 दिन बाद भारतीय नौसेना की टीम ने चांडिल डैम मे डुबे एयरक्राफ्ट को निकाल लिया है। बीती रात 11 बजे के आसपास विमान के मलबे को बाहर निकाला गया। दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलवा को जांच के लिए जमशेदपुर ले जाया गया।

****

राज्य भर में मानसून सक्रिय है। आज राज्य के पाकुड़ और साहिबगंज समेत उत्तर पूर्वी भागों में भारी बारिश हो सकती है। इससे पूर्व कल राज्य के तीन जिलों पलामू, गुमला और लातेहार में अच्छी बारिश हुई। संताल परगना में भी कल भारी बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश पाकुड़ में रिकॉर्ड की गई। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में मानसून अभी मजबूत स्थिति में है।

****

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिले चम्पाई सोरेन भाजपा में इंट्री तय।

प्रभात खबर ने लिखा है– तीस अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे चम्पाई सोरेन।

दैनिक जागरण लिखता है–चम्पाई 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे।

हिन्दुस्तान ने ईडी की लेक व्यू अस्पताल के संचालक बबलू खान से घंटो पूछताछ की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– जेजेएमपी के तीन नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद।

****